भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश् वर
**Indian Institute of Technology Bhubaneswar**

## प्रेस विज्ञप्ति

# इंडोनेशिया के उच्च शिक्षा मंत्री ने आईआईटी भुवनेश्वर का दौरा किया

**भुवनेश्वर, 6 अगस्त 2026:** इंडोनेशिया गणराज्य के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के माननीय मंत्री श्री ब्रायन युलिआर्टो ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य आईआईटी भुवनेश्वर में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करना तथा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना था।

इस अवसर पर आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद कर्मालकर ने संस्थान के विभिन्न पहलुओं से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया और अनुसंधान एवं विकास के प्रमुख क्षेत्रों की जानकारी दी। प्रो. कर्मालकर ने एक प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षण-अधिगम, अनुसंधान, उद्योग-अकादमिक सहयोग, उद्यमिता विकास, शिक्षक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्र में संस्थान की विशिष्ट उपलब्धियों और पहलों को प्रस्तुत किया।

माननीय मंत्री और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी भुवनेश्वर तथा इंडोनेशिया के शैक्षणिक संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की सेमीकंडक्टर प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल में अन्य लोगों के साथ इंडोनेशिया गणराज्य के दूतावास में शिक्षा एवं संस्कृति अताशे प्रो. फुआद तथा औद्योगिक संबंध एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए मंत्री के विशेष सलाहकार श्री ओ.के. अर्लिवान सम्पूर्णो ने भी संस्थान का दौरा किया।

आईआईटी भुवनेश्वर की ओर से प्रो. अनिमेष मंडल, डीन (पूर्व छात्र, कॉर्पोरेट एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध); प्रो. श्यामल चटर्जी, डीन (सतत शिक्षा); प्रो. उमाप्रसन्न ओझा, डीन (संकाय मामले); प्रो. चंद्रशेखर एन. भेंडे, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग एवं समन्वयक प्रमुख, स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर साइंसेज; प्रो. पी.वी. सत्यम, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज; तथा संस्थान के कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

-------------------